हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, मंगलवार, 18 मार्च 2025

11 बासोड़ा पूजन के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़
12 जीडी गोयनका में जूनियर छात्रों को बांटी डिग्री








## खबर संक्षेप

### आसंडा में रक्तदान शिविर व भंडारा 20 को

**बहादुरगढ़।** गांव आसंडा में स्थित शिव मंदिर में आगामी 20 मार्च को 25वें देशी घी के भंडारे व रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। समस्त ग्राम वासियों की ओर से यह आयोजन किया जा रहा है। अखंड पाठ 19 मार्च की सुबह शुरू होकर 20 मार्च की सुबह तक जारी रहेगा। इसके बाद यज्ञ और आरती होगी। फिर प्रसाद का भोग लगाया जाएगा।

### श्रीगोपाल मंदिर में भागवत कथा 21 से

**झज्जर।** शहर के चौधरियान मौहल्ला स्थित श्रीगोपाल मंदिर में आगामी 21 मार्च से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। आयोजक समिति सदस्य अश्वनी पाहवा ने बताया कि कथा के दौरान दोपहर बाद तीन बजे सायं छह बजे तक कथा वाचक बाल व्यास पुनीत महाराज द्वारा श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराया जाएगा। 27 मार्च तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन के पहले दिन जहां सुबह दस बजे महिलाओं द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी ।

### जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** गांव खैरपुर स्थित एक फैक्ट्री में साथी कर्मचारी पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पूछताछ के लिए आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। सदर थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह के अनुसार, यूपी के निवासी सुनील ने शिकायत दी थी कि मैं और मेरे ताऊ का लड़का धर्मेंद्र खैरपुर में एक फैक्ट्री में मजदूरी करते हैं। गत 14 मार्च को धर्मेंद्र व नीरज की होली खेलते समय आपस में कहासुनी हो गई। इसी कहासुनी में नीरज ने धर्मेंद्र पर स्टील के पाइप से हमला किया। जिससे धर्मेंद्र मौके पर ही बेहोश होकर गिर गया। उसकी हालत नाजुक है। इस शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। आरोपी नीरज को गिरफ्तार कर लिया है। वह यूपी का रहने वाला है। सोमवार को उसे अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर ले लिया गया।

### टिपर चोरी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** थाना बादली की पुलिस टीम ने ट्रक का टिपर चोरी करने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस नेनूंह निवासी परवेज, गुभाना निवासी भूपेंद्र, राजेंद्र और विकास को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से वारदात में प्रयोग ट्रक बरामद किया गया है। उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां से परवेज को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है और अन्य तीन को जेल भेज दिया गया।

### स्मैक सहित दो आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

बहादुरगढ़। पुलिस की अपराध जांच शाखा ने स्मैक सहित दो आरोपी गिरफ्तार किए हैं। सीआईए को सूचना मिली थी कि बादली में केएमपी पुल के नीचे दो युवक बिना नंबर की स्कूटी पर मौजूद हैं। इनके पास नशीला पदार्थ हो सकता है। इस पर टीम तुरंत वहां गई और आरोपियों को काबू किया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली गई। इसी दौरान उनके पास से 8.84 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपियों की पहचान विकास और संदीप के रूप में हुई है। दोनों झज्जर के रहने वाले हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्रदेश के बजट में जिले को सौगातें

# झज्जर का नागरिक अस्पताल होगा अपग्रेड, 100 बेड बढ़ेंगे, 70 एडवांस लाइफ स्पोर्ट एंबुलेंस मिलेंगी

■ बहादुरगढ़ में 100 बिस्तर के ईएसआई अस्पताल के निर्माण को इसी वित्त वर्ष में पूरा करने की घोषणा

**झज्जर ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रस्तुत हरियाणा बजट 2025-26 में झज्जर जिले को सौगात मिली है। बजट में झज्जर नागरिक अस्पताल को 100 बेड से 200 बेड का अपग्रेड करने वहीं बहादुरगढ़ में 100 बिस्तर के ईएसआई अस्पताल के निर्माण को इसी वित्त वर्ष में पूरा करने की घोषणा की है। जिसके कारण क्षेत्र के लोगों ने खुशी जताई है। लोगों का कहना है कि अब जिले में ही बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा 70 एडवांस लाईफ स्पोर्ट एम्बुलेंस एवं अन्य संरचनात्मक सुधार होंगे जिसमें झज्जर जिला भी शामिल है।

## मुख्यमंत्री एवं वित्तमंत्री के ऐलान से जिले में खुशी का माहौल, भाजपा नेता बोले- विकास को गति मिलेगी



### जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का होगा विस्तार

ऑल इंडिया ब्लड डोनेशन ग्रुप के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता मनीष बंसल ने कहा कि बजट में झज्जर नागरिक अस्पताल को 100 बेड से 200 बेड का अपग्रेड करने की घोषणा की है। इससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा और लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी।



### एडवांस एम्बुलेंस का मिलेगा लाभ

युवा भाजपा नेता मुकुल कौशिक ने कहा कि बजट में सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखा गया है। बजट में एडवांस लाईफ स्पोर्ट एम्बुलेंस देने की घोषणा की गई है। जिसमें झज्जर का नाम भी शामिल है। इससे क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ होगा।

### विकास को नई दिशा मिलेगी



नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने कहा कि यह ऐतिहासिक बजट शहरी विकास को नई दिशा व आयाम देने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि परिवहन, स्वच्छता, ऊर्जा और औद्योगिक विकास पर विशेष ध्यान देकर शहरी विकास के नए आयामों स्थापित होंगे।



### गांव बनेंगे आत्मनिर्भर

जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना ने कहा कि बजट ग्रामीण विकास की मजबूत नींव रखने और गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों, पेयजल आपूर्ति, बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए बड़ा बजटीय प्रावधान किया है।

### बजट में दिखी उज्ज्वल भविष्य की झलक : नीलम अहलावत

**झज्जर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्या



नीलम अहलावत ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पेश किए गए बजट को जन-जन की आशा का बजट बताया है। उन्होंने बजट को संतुलित बताते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि बजट में ऐसे बड़े-बड़े प्रावधान किए गए हैं, जिससे न केवल प्रदेश में शिक्षा, चिकित्सा, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं मिलना आसान होंगी, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार, बेघरों के लिए आवास, स्थानीय निकायों को विशेष अधिकार शामिल हैं बल्कि सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट लाडो लक्ष्मी योजना को भी मुख्यमंत्री द्वारा अमलीजामा पहनाने का काम किया गया है।

### किसानों के लिए प्रावधान सराहनीय : राम अहलावत

**बहादुरगढ़।** भाजपा किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राम अहलावत ने बजट के



लिए भाजपा सरकार व मुख्यमंत्री नायब सैनी का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बजट में कृषि व संबंधित प्राथमिक क्षेत्र को भी कई लाभकारी योजनाएं देने की घोषणा की है। यह बजट किसानों सहित सभी वर्गों के लिए लाभकारी साबित होगा। बजट के अनुसार महिला किसानों को डेयरी स्थापित करने के लिए एक लाख रुपये तक ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। धान की सीधी बुआई पर अनुदान राशि चार हजार रुपये एकड़ से बढ़ाकर 4500 रुपये प्रति एकड़ और प्राकृतिक खेती का लक्ष्य 25 हजार एकड़ से बढ़ाकर एक लाख एकड़ निर्धारित किया है। पराली प्रबंधन के लिए अनुदान राशि बढ़ाकर 1200 रुपये प्रति एकड़ की गई।

### डॉ. पंकज जैन ने नायब बजट को बताया हितकारी

**बहादुरगढ़।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ पंकज जैन ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी



द्वारा बतौर वित्त मंत्री प्रस्तुत किए गए 2.05 लाख करोड़ के बजट पर खुशी जताई है। उन्होंने इसे जनकल्याणकारी तथा सभी वर्गों के लिए हितकारी बजट बताया। पिछले बजट के मुकाबले इस बजट में 13.7 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। जैन ने कहा कि बजट पेश करने से पहले सीएम नायब सैनी ने जन प्रतिनिधियों एवं प्रदेश की जनता से सुझाव मांगे थे। सरकार को 11 हजार सुझाव मिले थे, जिन्हें ध्यान में रखते हुए नायब सैनी ने सर्वहितकारी बजट बनाया। इसमें हर वर्ग को आर्थिक रूप से मजबूत करने का पूरा ध्यान रखा गया है। यह नायाब बजट हरियाणा के विकास व तरक्की के नए द्वार खोलेगा।

# विकास वाल्मीकि बने भाजपा के जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर



■ वाल्मीकि ने वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया
■ रेस्ट हाउस में किया स्वागत

भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोमवार को जारी की गई पार्टी के जिलाध्यक्षों की सूची में विकास वाल्मीकि को झज्जर जिले का अध्यक्ष बनाया गया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि के झज्जर पहुंचने पर शहर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया।

### कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पार्टी को मजबूत करेंगे

अपनी नियुक्ति पर विकास वाल्मीकि ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व सहित राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जिस उम्मीद के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है वे उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। वे सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पार्टी को मजबूत बनाने का काम करेंगे।

### गुड़ बेच रहे युवक का मोबाइल छीना, केस

**बहादुरगढ़।** उत्तर प्रदेश से यहां गुड़ बेचने आए एक युवक के साथ कुलासी में छीना झपटी की वारदात हो गई। बाइक सवार तीन युवक मोबाइल छीन ले गए। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दे दी है। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। वारदात हर्षित के साथ हुई है। हर्षित यूपी के बागपत का रहने वाला है। अपने पिता के साथ फेरी लगाकर गुड़ बेचता है। हर्षित का कहना है कि वह अपने पिता के साथ कुलासी गांव में गुड़ बेचने आया हुआ था। गांव में स्कूल के पास हमने विश्राम के लिए अपना ट्रैक्टर खड़ा कर दिया। पिताजी पीछे ट्रॉली में थे और मैं ट्रैक्टर की सीट पर था। दोपहर करीब डेढ़ बजे कुछ दूरी पर एक बाइक आकर रुकी। बाइक पर तीन युवक सवार थे। एक युवक उतरा और फोन पर बात करते हुए मेरे नजदीक आया और फोन छीनकर फरार हो गए।

# बामड़ोली में कहासुनी के बाद युवक को गोली मारी

■ परिवार के ही एक युवक पर गोली मारने का आरोप केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गांव बामड़ोली में एक युवक को गोली मार दी गई। घायल युवक शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती है। उसकी हालत गंभीर है। परिजनों की शिकायत पर लाइनपार पुलिस ने आरोपी मां, बेटा के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा जल्द ही मामले को सुलझाने की बात कही जा रही है।

### पेट में लगी गोली

सुबह करीब साढ़े सात बजे यह वारदात हुई। घायल की पहचान अक्षय के रूप में हुई है। उसके पेट में गोली लगी है। परिजनों ने देखा तो तुरंत उसे संभाला और बहादुरगढ़ के एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां उसका ईलाज जारी है। परिवार में ही लगते एक युवक व उसकी मां पर इस संबंध में केस दर्ज हुआ है। शिकायत में अक्षय के बड़े भाई विक्रम ने कहा है कि हमारे परिवार में लगते प्रवीण ने हमारे घर के पास एक आफिस बना रखा है। उस आफिस में काफी युवक आते हैं, जो दिन रात नशा तथा गाली गलोच करते हैं। इस वजह से माहौल खराब हो रहा है।

परिवार व आसपास की महिलाएं असहज महसूस करती हैं। मैंने 13 मार्च को प्रवीण से आफिस बंद करने के लिए कहा था। सोमवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे हमारे घर के बाहर एक गाड़ी का लगातार हॉर्न बज रहा था। मैं व मेरा भाई अक्षय बाहर गए तो गाड़ी में प्रवीण व उसकी मां थी। हमें देखकर वे दोनों गाड़ी से निकले और झगड़ने लगे। इसी दौरान प्रवीण ने बंदूक निकालकर हमारी तरफ गोली चला दी। मेरे भाई अक्षय को गोली लगी। इसके बाद वह मौके से भाग गया। आनन फानन में हम अक्षय को अस्पताल में ले गए। उधर, सूचना पाकर लाइनपार थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एक टीम अस्पताल में पहुंची लेकिन घायल अक्षय बयान देने की हालत में नहीं था। लिहाजा उसके भाई विक्रम के बयान लिए गए। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। मामले में जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर वारदात को सुलझाया जाएगा।



**बहादुरगढ़।** घायल अक्षय के उपचार में जुटे चिकित्सक।

# 25 साल पहले मरे व्यक्ति ने तहसील में करवाई रजिस्ट्री


■ खुलासा होने के बाद सब रजिस्ट्रार ने रद की रजिस्ट्री ■ एफआईआर दर्ज करने के लिए पुलिस को लिखा पत्र

रवींद्र राठी ⏭ बहादुरगढ़

बेशक जिंदा लोग तहसील में रजिस्ट्री करवाने के लिए भटकते रहें, लेकिन घोर कलयुग में मरा हुआ व्यक्ति भी बहादुरगढ़ तहसील में आकर रजिस्ट्री करवा गया। दरअसल, यह पूरा फर्जीवाड़ा कुछ लोगों ने नकली दस्तावेज तैयार करके अंजाम दिया है। असल मालिक द्वारा इसकी जानकारी लगते ही तहसील में शिकायत की गई। जिसका संज्ञान लेते हुए सब रजिस्ट्रार ने तुरंत रजिस्ट्री कैंसिल कर दी। साथ ही पुलिस को इस संबंध में एफआईआर दर्ज करवाने के लिए पत्र लिखा है।

### 190 गज का एक प्लॉट

बता दें कि शहर की फ्रेंड्स कॉलोनी की गली नंबर-5 में 190 गज का एक प्लॉट है। दिल्ली के पुराने राजेंद्र नगर निवासी श्रीराम पुत्र देवतराम ने यह प्लॉट भारतीय उद्योग प्राइवेट लिमिटेड के महेश चंद्र अग्रवाल से 20 मार्च 1987 में खरीदा था। इस प्लॉट का इंतकाल 2 सितंबर 1987 को श्रीराम के नाम दर्ज भी हो गया था। श्रीराम अविवाहित था और अपने भतीजे प्रेमचंद के पास रहता था। श्रीराम ने 22 जुलाई 1999 को अपने भतीजे प्रेमचंद के बेटे ललित मोहन के पक्ष में उस प्लॉट की वसीयत कर दी। इसके बाद 9 अक्टूबर 1999 को श्रीराम की मृत्यु हो गई। वसीयत चूंकि रजिस्टर्ड नही थी केवल नोटरी से अटैस्टिड थी, इसलिए ललित मोहन ने कोर्ट में याचिका दायर की। जिस पर अदालत ने ललित मोहन के पक्ष में 17 दिसंबर 2024 को डिक्री के आदेश दे दिए। कोर्ट के आदेश के आधार पर तहसीलदार ने 190 गज के इस प्लॉट का इंतकाल करवाने से पहले डिक्री तहसील में रजिस्टर करवाने को कहा। फर्जीवाड़े के इस मामले से नगर परिषद का भी जुड़ाव रहा है। नगर परिषद में दर्ज 190 गज के प्लॉट की प्रॉपर्टी आईडी (3बी6आरएमडीटी1) में मालिक का नाम श्रीराम ही दर्ज था, लेकिन मोबाइल नंबर किसी अन्य व्यक्ति का दर्ज था। इसकी पहचान बाद में राजकुमार के नाम से हुई है। ललित मोहन ने प्रॉपर्टी आईडी में दर्ज गलत मोबाइल नंबर को सही करवाने के लिए 14 फरवरी को 2025 समाधान शिविर में प्रार्थना पत्र दिया। लेकिन परिषद ने मोबाइल नंबर ठीक करने की बजाय उस प्रॉपर्टी को विवादित बताते हुए 19 फरवरी को प्रार्थना पत्र दफ्तर दाखिल कर दिया। जिसके बाद उसी गलत मोबाइल नंबर का इस्तेमाल करते हुए उस प्लॉट की एनओसी निकलवाई गई।



**बहादुरगढ़।** फ्रेंड्स कॉलोनी की गली नंबर-5 में स्थित प्लॉट।

### हर्षपाल के नाम करवा दी

फर्जीवाड़े के सूत्रधार ने उस एनओसी व 1987 में हुए इंतकाल का इस्तेमाल करते हुए ललित मोहन के प्लॉट की रजिस्ट्री दिल्ली के मलका गंज निवासी हर्षपाल के नाम करवा दी। बहादुरगढ़ तहसील में नायब तहसीलदार द्वारा 10 मार्च को हुई इस रजिस्ट्री (नंबर-9193) में गवाह के तौर पर दिल्ली के शकूर पुर निवासी सोनू और भापड़ौदा का नंबरदार हवा सिंह के फोटो और हस्ताक्षर हुए हैं। शिकायत मिलते ही नायब तहसीलदार ने तुरंत रजिस्ट्री कैंसिल कर दी है। अगर समय रहते तहसील में ललित मोहन के नाम इस प्लॉट का इंतकाल हो गया होता और नगर परिषद में प्रॉपर्टी आईडी में मोबाइल नंबर ठीक हो गया होता तो यह फर्जीवाड़ा हो ही नहीं पाता।

### फर्जीवाड़े में शामिल आरोपियों के खिलाफ पुलिस को शिकायत



मरे हुए व्यक्ति का फर्जी आधार कार्ड बनवाकर रजिस्ट्री करवाने का मामला सामने आते ही सब रजिस्ट्रार ने रजिस्ट्री रद कर दी थी। इसके अलावा फर्जीवाड़े में शामिल सभी आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत अभियोग अंकित करने के लिए पुलिस को सूचना दी जा चुकी है।


**- नसीब कुमार**, एसडीएम बहादुरगढ़

श्रीराम की उम्र 22 जुलाई 1999 को 72 वर्ष थी। इस तरह अगर वह जिंदा होता तो अब उसकी आयु 97 वर्ष होनी चाहिए थी। लेकिन घोटालेबाजों ने जो आधार कार्ड (6985 3827 7612) लगाया है, उसमें श्रीराम की जन्मतिथि 2 दिसंबर 1966 दर्शाई गई है। तहसील में फर्जीवाड़ा होते ही ऑटोमेटिक सिस्टम के कारण नगर परिषद की प्रॉपर्टी आईडी में भी मालिक का नाम बदलकर श्रीराम की जगह हर्ष पाल हो गया है। प्लॉट के असल मालिक एवं शिकायतकर्ता ललित मोहन ने दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने तथा उसके प्लॉट का इंतकाल व प्रॉपर्टी आईडी उसके नाम करवाने की मांग की है।

### कुलाना के पास ट्राली से मोपेड टकराई, सुरक्षा कर्मचारी की मौत

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव कुलाना के नजदीक हुई एक सड़क दुर्घटना में सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई। मृतक की पहचान जिले के गांव माछरौली निवासी करीब 52 वर्षीय विनोद कुमार पुत्र रमेश के तौर पर हुई है। हेलीमंडी-कुलाना मार्ग पर यह हादसा उस समय हुआ जब विनोद लुहारी गांव स्थित निजी कंपनी में अपनी मोपेड से ड्यूटी जा रहा था। मामले के जांच अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि विनोद लुहारी क्षेत्र की एक निजी कंपनी सिक्योरिटी गार्ड था। जब वह ड्यूटी जा रहा था तो कुलाना गांव के नजदीक उसकी मोपेड सड़क पर बगैर किसी इंडीकेटर के खड़ी ट्राली से जा टकराई। इस टक्कर से विनोद सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उसे उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम कराने उपरांत उसे परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक के भतीजे भूपेश के बयान पर आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

हरिभूमि सहेली
रोहतक मंगलवार
18 मार्च 2025



स्पेशलः इंटरनेशनल-डे ऑफ हैप्पीनेस, 20 मार्च

खुश रहना जीवन की सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। स्वस्थ जीवन के लिए खुशी बहुत जरूरी है। खुश इंसान शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ रहकर न सिर्फ अपना जीवन संवारता है, दूसरों की भी संभाल और देखभाल कर सकता है। आपसी केयरिंग-शेयरिंग इंसान को बहुत बड़ा संबल देती है। शायद इसीलिए इस साल इंटरनेशनल-डे ऑफ हैप्पीनेस की थीम है- शेयरिंग इज केयरिंग। यह बात आज के दौर में तब और ज्यादा मायने रखती है, जब समाज-परिवार में आपसी संवाद और अपनेपन के भाव कम होते जा रहे हैं।

# संभाल-साझेदारी के भाव देते हैं खुशियां

कवर स्टोरी

डॉ. मोनिका शर्मा

खुश रहना खुद के प्रति भी एक जिम्मेदारी है। खुश रहकर ही खुशहाल परिवेश बनाया जा सकता है। खुशमिजाज अभिभावक ही नई पीढ़ी को खुशियों की विरासत दे सकते हैं। खुश रहने से सेहत अच्छी रहती है। स्वस्थ इंसान ही अपने से जुड़े लोगों की केयर कर सकता है। खुशियां अपने साथ हर तरह की सुखदायी सौगात लेकर आती हैं। यही वजह है कि थोड़ा ठहर कर मन को समझने की जरूरत होती है। भावनाओं की दिशा को आंकने की दरकार होती है। नाखुशी के कारण जानने की कोशिश आवश्यक है। इंटरनेशनल-डे ऑफ हैप्पीनेस ऐसी ही बातें याद दिलाती है।


## जरूरी हैं संभाल-साझेदारी के भाव

साल 2025 में इंटरनेशनल-डे ऑफ हैप्पीनेस की थीम 'शेयरिंग इज केयरिंग' है। यानी संभाल-देखभाल और साझेदारी के इमोशंस से जुड़ी है। यह सब्जेक्ट मेंटल हेल्थ से लेकर रिश्तों और शारीरिक स्वास्थ्य से जुड़े पहलुओं को भी संबोधित करता है। साझेदारी और संभाल दोनों ही बातें व्यक्तिगत ही नहीं, पूरे समाज की खुशहाली से जुड़े भाव हैं। इतना ही नहीं, शेयरिंग और केयरिंग का भाव एक-दूजे से भी गहराई से जुड़ा है। मन जीवन से जुड़ी बातों और हालातों को साझा करने से संभाल देखभाल की राह निकलती है।

## खुशियों की साझी बुनियाद

दिल की बात कहना, समझाइश देना, समय निकालना या कोई काम की चीज देकर सहयोग करना शेयरिंग है। इसी की बुनियाद पर केयरिंग सोच के इमोशन भी टिके हैं। अपने दिल के भाव साझा करना विश्वास और सम्मान से जुड़ा है। वहीं किसी को समझने-जानने के लिए समय निकालने का भाव केयरिंग है। यह खुशियां पाने की साझी बुनियाद है। शेयरिंग और केयरिंग से जुड़े इमोशंस बहुत पॉजिटिव होते हैं। भरोसे की नींव मजबूत करते हैं। दो इंसानों में ही नहीं, पूरे समाज में सहयोग की भावना बढ़ाते हैं। एक-दूसरे की परवाह करने की सोच को बल देते हुए हर परिस्थिति को सहज बनाए रखने वाले इमोशंस हैं।





समझना मुश्किल नहीं, इन बातों से हर इंसान को खुशी ही मिलती है। ऐसे हालातों में सभी के लिए सहजता से खुशियों को जीने की राह निकलती है।

## केयरिंग कल्चर की जरूरत

मौजूदा दौर में सचमुच केयरिंग कल्चर को अपनाने की आवश्यकता है। किसी घर में बच्चे अकेले समय बिता रहे हैं तो कहीं बुजुर्गों को सेवा-सुश्रूषा नहीं मिल पा रही है। ऐसे में एक दूजे की केयर करने और साथ देने का भाव हर किसी को खुशी ही देगा। यों भी सुख-दुख साझा करने से ही खुशियां पाई जा सकती हैं। देखभाल की इस संस्कृति को विस्तार देने का पहला पड़ाव शेयरिंग ही है। आपसी संवाद से अपनेपन का भाव आता है। आपाधापी भरी जिंदगी में तो आस-पड़ोस में भी आपसी संवाद की कड़ी टूट गई है। परिवार के सदस्य भी एक-दूसरे से कम ही बतियाते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि इस अलगाव के साथ ही नाखुशी भी विस्तार पा रही है। अनहैप्पी लोगों के आंकड़े भी बढ़ रहे हैं। हर उम्र के लोग अकेलेपन और अवसाद के घेरे में हैं। इसीलिए मन की परेशानियां साझा करने के साथ ही केयरिंग कल्चर को बढ़ावा देना भी जरूरी है। पारस्परिक निर्भरता से बनने वाला सहयोगी परिवेश सभी की झोली में खुशियां भर देता है।



## खुशियों का स्वागत

हाल के वर्षों में दुनिया के हर समाज में ही असंतोष, चिंता, उदासी, गुस्से और अपराधबोध के इमोशंस बढ़े हैं। लोग खुश रहने और दूसरों को खुश रखने वाले सहज व्यवहार को भूल रहे हैं, जबकि वैज्ञानिक अध्ययन भी कहते हैं कि दोस्तों और परिवार का साथ देने वाले लोगों की मेंटल और फिजिकल हेल्थ बेहतर रहती है। यह जुड़ाव जितना गहरा होगा, इंसान उतना ही अच्छा महसूस करता है। यानी शेयरिंग और केयरिंग दूसरों को खुशी देने का ही नहीं, खुद को खुश रखने का भी रास्ता है। उदार सोच अपने मन को भी तनाव से दूर रखती है। यह भाव कॉमन खुशियों को न्योता देने वाला है, क्योंकि लोगों की खुशी पूरे समाज की खुशहाली से जुड़ी है। इसीलिए हैप्पीनेस के स्वागत के लिए किसी दोस्त की सहायता करने और इमोशनल सपोर्ट देने का भाव रखें। जरूरतमंद इंसान की मदद करने के मोर्चे पर डटें। उदासी से जूझते किसी इंसान के साथी बनें। जितना संभव हो उचित सलाह देने का प्रयास करें। आम-सा लगने वाला यह मेल-जोल हर किसी को खुशी ही देता है।

# अपनी मम्मी के साथ टीनएज गर्ल्स क्यों करती हैं मिसबिहेव

बिहेवियर

नीलम अरोड़ा



एक समय था सविता और उसकी टीनएज बेटी प्रियंका के बीच आए दिन तकरार होती थी। स्कूल की क्लास बंक करना, ट्यूशन की क्लास बंक करना, जिनके साथ सविता मना करती थी, उनके साथ इधर-उधर घूमना, कमरा बंद करके अपनी फ्रेंड्स के साथ घंटों बातचीत में लगे रहना, इन आदतों से सविता अकसर उसे डांटती रहती थी। बीच-बीच में सविता और उसकी बेटी के साथ रिश्ते काफी खराब हो गए थे। आज सविता की बेटी पचीस साल की एक समझदार, सुलझी हुई और अपने करियर के प्रति बहुत सीरियस युवती है। आज सविता को समझ में आ चुका है कि अकसर बेटियां और मांएं क्यों एक लंबा समय तनाव के बीच गुजारती हैं।

**मां-बेटी के बीच क्यों रहता है तनावः** टीनएज में जहां बेटियां हार्मोनल परिवर्तन का सामना कर रही होती हैं, वहीं मांएं भी बेटियों के मूड स्विंग, चिड़चिड़ापन और बात-बात पर कटाक्ष और मिसबिहेव से खीजती हैं। मांएं अपनी बेटियों पर कंट्रोल करना चाहती हैं, लेकिन बेटियां उनको सुनने को तैयार नहीं होतीं। बेटी की अनमैच्योरिटी और उसमें समझ की कमी मांओं को और ज्यादा तनावग्रस्त करती है। एक-दूसरे के प्रति शिकवा-शिकायतें, गलतफहमियां रहती हैं। नतीजा यह होता है कि दोनों के बीच लंबे समय तक बातचीत बंद हो जाती है। कई बार तो किशोर बेटी मां से बहुत दूर होती जाती है। सविता की तरह बहुत-सी मांएं अपनी टीनएजर बेटी के मिसबिहेव को सहती हैं, तनाव में रहती हैं।



**क्या करें टीनएजर के पैरेंट्सः** टीनएज में लड़कियों के मूड या व्यवहार में अचानक परिवर्तन दिखता है। ऐसे में मांओं को समझदारी के साथ गहराई से सोचना चाहिए कि बेटी छोटी-छोटी बातों पर क्यों गुस्सा हो जाती है? दरअसल, टीनएज में जब बच्चे अपने अलग व्यक्तित्व और पहचान को प्रकट करना चाहते हैं तो पैरेंट्स की नसीहतें उन्हें अपनी आजादी में खलल लगती है, जिसकी वजह से मां-बेटी के रिश्तों में कड़वाहट आ जाती है। ऐसे में मां को ही समझदारी से काम लेना चाहिए। अगर टीनएज बेटी के ड्रेसिंग या अन्य एक्टीविटीज के बारे में मां को कोई परेशानी या आपत्ति है तो बेटी को अपने बारे में कुछ डिसीजन लेने की छूट दें, लेकिन कुछ सीमाओं के साथ।

**पीयर प्रेशर का सामनाः** आजकल के टीनएज बच्चे पीयर प्रेशर, समाज में अपनी स्थिति, एजुकेशन, करियर और अन्य दूसरी चीजों के कारण तनाव और दबाव पहले की तुलना में ज्यादा महसूस करते हैं। इस तरह की बातें टीनएज लड़कियों को चिड़चिड़ी और तनावग्रस्त बनाती हैं। इन सबका गुस्सा अकसर टीनएज बेटियां अपने मम्मी-पापा पर उतारती हैं, वे अपनी मम्मी से चिढ़ने लगती हैं। पैरेंट्स के रूप में मांओं को उन पर पड़ने वाले दबावों के प्रति सजग रहते हुए उनकी मानसिक स्थिति को समझना चाहिए। क्योंकि कभी-कभी दुख और अवसाद के क्षणों में हमें भी ऐसे महसूस होता है कि कोई तो हमारी सुने, तो फिर अपनी बेटी की शिकायत हमें क्यों परेशान करने वाली लगती है? चीजों को देखने का नजरिया उसका भले ही मैच्यौर न हो, लेकिन उसकी भावनाएं तो मायने रखती हैं। 'तुम इतना परेशान क्यों हो' कहने की बजाय 'हां, मैं समझ सकती हूं, तुम परेशान हो, मैं तुम्हारी क्या हेल्प कर सकती हूं?' कहकर आप उसका मन हल्का कर सकती हैं।

**बेटी के साथ रखें अच्छा कम्युनिकेशनः** बेटी के साथ कम्युनिकेशन का रास्ता हमेशा खुला रखें। टीनएज बेटी के साथ ज्यादा सख्त व्यवहार स्थिति को और नाजुक बना सकता है। इस बात को मांएं याद रखें, उनकी बेटी तो बड़ी हो रही है लेकिन वे स्वयं बड़ी हैं।

इंटीरियर

रेखा

वैसे तो घर में फ्लोरिंग कराने के कई ऑप्शंस अवेलेबल हैं। लेकिन अगर आप कम बजट में अट्रैक्टिव लुक चाहती हैं तो वुडेन फ्लोरिंग अच्छा ऑप्शन हो सकता है।

# वुडेन फ्लोरिंग घर को दे अट्रैक्टिव लुक



आज के समय में बहुत लोग अपने घरों में महंगे मार्बल्स की जगह लकड़ी से बनी फर्श बनवाना पसंद करते हैं। इसे वुडेन फ्लोरिंग कहा जाता है। इससे घर का इंटीरियर लुक ही बदल जाता है। यही वजह है कि इन दिनों वुडेन फ्लोरिंग काफी ज्यादा चलन में है।

**ट्रेंड में है वुडेन फ्लोरिंग :** इन दिनों वुडेन फ्लोरिंग काफी ज्यादा ट्रेंड में है। ज्यादातर लोग इसे पसंद कर रहे हैं। खास बात यह है कि वुडेन फ्लोरिंग अपनी इंसुलेटिंग क्षमता के कारण लंबे समय तक खराब नहीं होती। इसे केवल 3-4 घंटों में ही रेडी किया या जा सकता है, क्योंकि तख्तों को एक-दूसरे के साथ एक विशेष बॉन्डिंग के साथ जोड़ते हुए इंटरलॉक किया जाता है। इसे लगाना आसान है। इसे लगाने पर लॉक करने के लिए 'टंग एंड ग्रूव' तकनीक या किसी चिपकाने वाले पदार्थ अथवा कीलों का प्रयोग करते हैं। बाजार में डिफरेंट पैटर्न और लुक में आपको वुडेन फ्लोरिंग के ऑप्शंस मिल जाएंगे।



**डिजाइनर नक्काशीः** इसे कवर्ड पैटर्न भी कहते हैं। इस पैटर्न में लकड़ी पर डिजाइनर नक्काशी की जाती है। यह एक बेहद खूबसूरत कला है। डिजाइनर नक्काशी वाली वुडेन फ्लोरिंग की कलर और अपीयरेंस, सूरज की रोशनी में और चमक उठता है।

**बॉक्स डिजाइंड पैटर्नः** इसे परक्यूट पैटर्न भी कहते हैं। फ्लोरिंग का यह पैटर्न आपके रूम को बिल्कुल नया और वार्म लुक देता है। बॉक्स डिजाइंड का यह पैटर्न चेस बोर्ड की तरह लाइट और ब्राइट कलर कॉम्बिनेशन में आता है, जिससे रूम को बहुत डिफरेंट और अट्रैक्टिव लुक मिलता है।

**हीरिंगबोन पैटर्नः** यह पैटर्न जिग-जैग डिजाइन में मिलता है। यह पैटर्न घर को रैंडम लुक देता है। वुडेन का क्रीमिश कलर मैचिंग दीवारों के साथ खूब फबता है।

**बॉर्डर पैटर्नः** वुडेन फ्लोरिंग का यह पैटर्न आपके फ्लोर के बॉर्डर को आउटलाइन करता है। इससे कमरे को फॉर्मल लुक मिलता है। अगर आप बिना डिजाइन की फ्लोरिंग चाहती हैं, तो इस वुडेन पैटर्न को चूज कर सकती हैं।

**जब संभव न हो रियल वुड फ्लोरिंगः** अगर आपको लगता है कि रियल वुडेन फ्लोरिंग आपके बजट में नहीं है, तो इस बात को लेकर अफसोस करने की जरूरत नहीं है कि आप अपने घर को खूबसूरत लुक नहीं दे पाएंगी। आधुनिक तकनीक की वजह से आज बाजार में ऐसी फ्लोरिंग उपलब्ध हैं, जो वुडेन न होने के बावजूद उस जैसी ही लगती हैं। इसे लगाकर आप कम खर्च में हार्डवुड जैसा एलिगेंट लुक डेकोर में ला सकती हैं। ये डिजाइन विनायल प्लैंक फ्लोरिंग यानी पॉली विनायल क्लोराइड (पीवीसी) से बनी होती है। यह एक बहुत ऊंची क्वालिटी का प्लास्टिक होता है, जिसके पीछे चिपकाने वाला पदार्थ लगाकर फ्लोर पर चिपका दिया जाता है। देखने में बिल्कुल हार्डवुड जैसी लगने वाली यह वूडेन फ्लोरिंग, वाटरप्रूफ भी होती है और इस पर दीमक भी नहीं लगती है।

**• वुडेन फ्लोरिंग की ऐसे करें केयर**

वुडेन फ्लोरिंग पर जमी धूल-मिट्टी को साफ करने के लिए सूखे कपड़े से ही पोंछें। हर 5-6 साल के अंतराल पर फर्श को पॉलिश जरूर कराएं। अगर कमरे की फर्श पर धूप आती है, तो वहां परदे का इस्तेमाल करें, क्योंकि धूप से लकड़ी का रंग फीका पड़ सकता है। फर्श पर पानी इकट्ठा न रहने दें, क्योंकि इससे लकड़ी खराब हो सकती है।



हेयर केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# बालों की समस्याएं दूर करने में कारगर है नीबू

बढ़ते पॉल्यूशन और केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स यूज करने की वजह से बहुत सी महिलाएं कम उम्र में ही बाल सफेद होने की समस्या का सामना करने लगती हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए यूज किए जाने वाले कई हेयर केयर प्रोडक्ट्स की वजह से बालों में अन्य प्रॉब्लम्स जैसे-डेंड्रफ, रूखे-कमजोर बाल, बालों का झड़ना, शुरू हो सकती हैं। इन सभी प्रॉब्लम्स से बचने के लिए आप नीबू का अलग-अलग तरह से यूज कर सकती हैं।

**नीबू का रस-कैस्टर ऑयलः** बाउल में एक चम्मच कैस्टर ऑयल (अरंडी का तेल) में तीन से चार बूंदें नीबू का रस मिलाकर उसे हल्का गुनगुना कर लें। इस मिश्रण से स्कैल्प पर अच्छे से मसाज करें फिर इसे आधे घंटे तक छोड़ दें। इसके बाद माइल्ड शैंपू से धो लें। इस मिश्रण को हफ्ते में दो-तीन बार लगाने से बेहतर परिणाम मिलेगा।



**नीबू रस-नारियल तेलः** किसी बाउल में एक बड़ा चम्मच नीबू का रस लें, उसमें एक बड़ा चम्मच नारियल का तेल मिलाएं। इस मिश्रण को स्कैल्प में अच्छे से लगाएं। फिर हल्के हाथों से मसाज करें। फिर आधे घंटे बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। जरूरत पड़ने पर कंडीशनर लगाएं। आप हफ्ते में सिर्फ एक बार ही इसे अप्लाई करें। इससे असमय बाल सफेद होना रुकेगा।

**नीबू रस-मेथी हेयर पैकः** अगर आप डेंड्रफ की समस्या से जूझ रही हैं तो नीबू के रस में मेथी दानों का पेस्ट बनाकर हेयर पैक बना लें। इस हेयर पैक को स्कैल्प पर लगा कर कुछ मिनटों के लिए छोड़ दें। बाद में ताजे पानी से धो डालें। इससे बालों को पोषण मिलेगा और डेंड्रफ से भी छुटकारा मिलेगा।

**नीबू का शैंपूः** नीबू का शैंपू बनाने के लिए मेहंदी पावडर में एक अंडा मिलाएं। उसमें एक कप गर्म पानी, आधा नीबू का रस मिलाएं। जब गाढ़ा पेस्ट बन जाए तो अपनी हथेली में इस शैंपू की कुछ बूंदें लेकर गीले बालों पर धीरे से मालिश करें। जब झाग बन जाए तो साफ पानी से धो डालें।



**एवोकाडो-नीबू शैंपूः** इसे बनाने के लिए एक एवोकाडो, 4 कप कैमोमाइल चाय, 1/4 कप ताजा नीबू का रस लें। एवोकाडो का गूदा, कैमोमाइल चाय, नीबू का रस अच्छी तरह ब्लेंड कर लें। इस मिश्रण को गीले बालों में लगाकर हल्के हाथों से मालिश करें। 15 मिनट तक लगा रहने दें। बाद में ठंडे पानी से अच्छी तरह धो लें।

डाइट एडवाइस

अंजू जैन

अच्छी सेहत बहुत हद तक पौष्टिक खान-पान की आदत और सही जीवनशैली पर निर्भर करती है। अगर हम खान-पान की सही आदतें और बेसिक रूल्स अपना लें, तो हेल्दी रह सकती हैं। कुछ यूजफुल डाइट रूल्स के बारे में जानिए।

# फॉलो करें डाइट रूल्स आप रहेंगी हेल्दी

हम सभी भूख लगने पर स्वादिष्ट भोजन करना चाहते हैं। इससे पेट भरता है, मन को संतुष्टि मिलती है। लेकिन भोजन केवल स्वाद के लिए नहीं शारीरिक-मानसिक सेहत को ध्यान में रखकर करना चाहिए। इसके लिए भोजन करने के कुछ नियमों का पालन करना जरूरी है।

**वैरायटी शामिल करेंः** न्यूट्रिशन एक्सपर्ट्स का मानना है कि भोजन में रंग-बिरंगी सब्जियां, हेल्दी ऑयल, मेवे, दूध, फल आदि शामिल करने चाहिए। जापान में डाइट हैबिट पर किए गए शोध के नतीजे बताते हैं कि भोजन में वैरायटीज शामिल करने से आपको तरह-तरह के विटामिन और न्यूट्रिएंट्स मिलते हैं। आपको अपनी डेली डाइट में मौसमी सब्जियों और फलों को जरूर शामिल करना चाहिए। अगर आप नॉनवेज खाती हैं तो इसे सीमित मात्रा में ही खाएं। वेज फूड्स को प्रेफरेंस दें।

**ओवर ईटिंग से बचेंः** अच्छी हेल्थ के लिए ओवर ईटिंग से बचना जरूरी है। जो भी खाएं, भूख से 10-15 फीसदी कम मात्रा में खाएं। स्वाद के कारण या दूसरों के दबाव में अगर आपने दिन में एक टाइम अधिक भोजन कर लिया है तो अगला भोजन हल्का लें।



कहने का अर्थ है कि अगर आपने किसी पार्टी में लंच अधिक कर लिया है या मीठा और ऑयली फूड अधिक खा लिया है तो डिनर में कम भोजन लें। अगर आप केवल सलाद खाएं तो यह सबसे बेहतर रहेगा। अगर आपने डिनर में हैवी खाना खाया है तो अगली सुबह जूस या सलाद लेना सही रहेगा।

**रुचि लेकर करें भोजनः** कई लोग भोजन करते वक्त फोन पर बातें करते हैं, व्हाट्सएप या फेसबुक चलाते हैं, न्यूज पेपर, मैगजीन पढ़ते हैं या फिर टीवी देखते हैं। कुछ लोग बहुत हड़बड़ी में भोजन करते हैं और इसे एक काम समझ कर निपटा देते हैं। इसी प्रकार कुछ लोग भोजन को सिर्फ पेट भरने का जरिया मानकर कुछ भी खा या पी लेते हैं या फिर बाजार से मंगवा कर जंक फूड खा लेते हैं। ऐसी सभी आदतें सेहत के लिए सही नहीं होती हैं। भोजन को रुचि के साथ पकाना और खाना चाहिए। तरह-तरह के स्वाद वाला पौष्टिक भोजन करना स्वास्थ्यवर्धक होता है। भोजन बनाने में अच्छी क्वालिटी वाली ताजी सब्जियां, मसाले, आटा, चावल आदि का इस्तेमाल करें। भोजन रुचिकर होने के साथ हाइजीनिक भी होना चाहिए। इसी प्रकार भोजन करते वक्त हर कौर का आनंद लें, चबाकर, पूरा स्वाद लेते हुए धैर्यपूर्वक भोजन करें ताकि उसका सही ढंग से पाचन हो और भोजन तन को लगे।



**स्वाद को न दें अधिक महत्वः** तेज मसालों और ज्यादा तेल में फ्राई किया हुआ चटपटा भोजन देखने और खाने में भले ही स्वादिष्ट और सुंदर लगता हो लेकिन यह सेहत के लिए काफी नुकसानदायक होता है। हर रोज रेस्तरां में जाकर या डिब्बाबंद भोजन खाने की आदत न डालें बल्कि हल्का और आसानी से डाइजेस्ट होने वाला भोजन करें। दिखने में आकर्षक भोजन की बजाए सेहत के लिए फायदेमंद भोजन को इंपॉर्टेंस दें।

**स्प्राउटेड-फर्मेंटेड फूड लेंः** दही, ढोकला, इडली जैसे फर्मेंटेड फूड पेट की सेहत और पाचन के लिए फायदेमंद होते हैं। इनमें पोषक तत्व भी होते हैं। इसी प्रकार अंकुरित अनाज फाइबर, विटामिन और मिनरल्स के अच्छे सोर्स होते हैं। इनका नियमित सेवन बेहद जरूरी है।

**(डायटिशियन संगीता मिश्रा से बातचीत पर आधारित)**

**खबर संक्षेप**



रेणुका नांदल,एसडीएम बेरी।

## योजनाओं का लाभ लेने के लिए यूडीआईडी कार्ड जरुरी

**बेरी।** एसडीएम रेणुका नांदल ने कहा कि उपमंडल में दिव्यांगजन को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और उनकी पहचान सुनिश्चित करने के लिए यूडीआईडी बनाने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। उपमंडल में 1056 दिव्यांगजन ऐसे हैं, जिन्होंने यूडीआईडी कार्ड नहीं बनवाया है। उन्होंने सभी दिव्यांगजनों से यूनिक आईडी बनवाने की अपील की, ताकि सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त कर सकें। इसके माध्यम से वे दिव्यांग पेंशन, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सेवाओं समेत अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं।

### होली के बाद पहले सोमवार को माताओं ने बच्चों को धोक दिलाकर मांगी मन्नतें

# बासोड़ा पूजन के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

हिंदू परंपरा के अनुसार बासोड़ा पूजन का पर्व पूर्ण आस्था व विश्वास के साथ मनाया गया। होली के बाद पहले सोमवार तड़के से पुरानी कमेटी चौक के नजदीक स्थित शीतला माता की मढ़ी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने लगी। जहां उन्होंने पूजा अर्चना की व मन्नतें मांगी।

बता दें कि गर्मी के आगाज व घर में बासी भोजन को निषिद्ध करने के उद्देश्य से मनाए जाने वाले इस बासोड़ा पर्व पर शीतला माता के पूजन करने का विधान है। सोमवार को बासोड़ा पर्व पर मंदिर में सैकड़ों महिला श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

होली के ठीक बाद मनाए जाने वाले इस पर्व के लिए सोमवार तड़के चार बजे से ही महिलाओं का तांता लगना शुरू हो गया। सुबह नौ बजे तक तो मंदिर के बाहर महिलाओं को लंबी कतार में अपनी बारी का इंतजार करते देखा गया। महिलाओं ने परंपरागत परिधानों में माता का पूजन किया तथा मीठे गुलगुले, चावल, मालपुए आदि का भोग माता को लगाया। इस अवसर पर नवजात शिशुओं को माता की धोक दिलाकर उनकी कुशलता की मंगल कामना की गई।



**बहादुरगढ़।** शीतला मंदिर में बासोड़ा पूजन के लिए लगी श्रद्धालुओं की कतार।



**झज्जर।** वार्षिकोत्सव के समापन पर भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए श्रद्धालु।

### बाबा प्रसाद गिरी महाराज के वार्षिकोत्सव का हुआ समापन

**झज्जर।** सोमवार को बाबा प्रसाद गिरी महाराज के वार्षिकोत्सव का समापन श्रीमहंत परमानंद गिरी महाराज की अध्यक्षता में बाबा प्रसाद गिरी जी की समाधि का जलाभिषेक व विशाल भंडारे के साथ हुआ। इस अवसर पर काफी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने बाबा की महिमा का गुणगान किया। वहीं विशाल भंडारे में हजारों की संख्या में साधु महात्माओं व बाबा के भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। दूर दराज क्षेत्रों से आए साधु महात्माओं को भंडारे के बाद मान-सम्मान देकर रवाना किया गया। मंदिर के श्रीमहंत परमानंद गिरी महाराज ने बताया कि प्रति वर्ष दुल्हेंडी पर्व से बाबा की याद में विराट संत सम्मेलन शुरू होता है। जिसमें दूर दराज के क्षेत्रों से विद्वान संत महात्मा शिरकत करके अपनी वाणी से प्रभु नाम का गुणगान करते है। समापन अवसर पर विशाल भंडारा लगाया जाता है। इस अवसर पर प्रधान प्रमोद बंसल, एडवोकेट पंकज शर्मा, संजय गोयल, राम अवतार उर्फ दीपक, मुकेश सोलंकी सहित काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने वार्षिकोत्सव में सेवाएं दी।

## शिक्षकों के एसीपी से जुड़े सभी मामलों का निपटारा तुरंत करें



**झज्जर।** बैठक के दौरान उपस्थित स्कूल प्रमुख। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना ने सभी स्कूल प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि वे शिक्षकों के एसीपी से जुड़े सभी मामलों का तुरंत प्रभाव से निपटारा करें। स्थानीय राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में स्कूल प्रमुखों की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी शिक्षक का एसीपी का केस किसी भी कारण से रुका हुआ है तो उसका तुरंत प्रभाव से समाधान किया जाए। जिन कर्मचारियों के एसीपी के मामले नियमानुसार देय बनते हैं और उनकी आईडी पर पेंडिंग है तो उसका समाधान दो दिन के भीतर करें अन्यथा उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति के बिलों को भी पूर्ण करवा कर समय पर भेजें ताकि कर्मचारियों को समय पर इसका लाभ मिल सके। इस संबंध में विभाग के अनुभाग अधिकारी अशोक कुमार व कर्मचारी तेजपाल से जानकारी ली जा सकती है। अनुभाग अधिकारी अशोक कुमार ने विशेष तौर पर शिक्षकों के सवालों के जवाब दिए और उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

# विभिन्न लंबित मांगों को लेकर एसकेएस ने किया मंथन





**झज्जर।** सर्व कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित सत्र में मौजूद सदस्य कर्मचारी, पारित किए गए प्रस्ताव की कॉपी सौंपते हुए सर्व कर्मचारी संघ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

- राज्य कर्मचारियों के लिए अलग से वेतन आयोग का गठन करना आदि मांगे रखी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

सर्व कर्मचारी संघ के कर्मचारियों द्वारा कर्मचारियों के हित का बजट पेश करते हुए करीब 12 मुद्दों को चिन्हित किया। सोमवार को जिले में सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान रामवीर ने इस सत्र की अध्यक्षता की जबकि संचालन जिला सचिव शिवम द्वारा किया गया। जिला प्रधान रामवीर ने बताया कि राज्य कर्मचारियों के लिए अलग से वेतन आयोग का गठन करना, न्यूनतम वेतनमान परिवार में चार सदस्यों की बजाय पति-पत्नी, दो बच्चे व माता-पिता मिलाकर पांच मानते हुए निर्धारित किया जाए, न्यूनतम वेतनमान का अनुपात 1 अनुपात 7 हो, वेतन वृद्धि महंगाई के हिसाब से तय की जाए ना कि उसके दर्जे के हिसाब से, परियोजनाओं और स्कीम में कार्यरत अस्थाई कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की तरह वेतनमान, वार्षिक वेतन वृद्धि, भत्ते व अन्य सभी सुविधाएं मिलनी चाहिए, जोखिम भरे कार्यों में जोखिम भत्ता दिया जाना चाहिए, महंगाई की गणना में वर्तमान में जो अन्य वस्तुएं नित्य प्रयोग की हैं उनको भी शामिल किया जाना चाहिए, हर 5 वर्ष के बाद महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत होते ही भत्तों की राशि में वृद्धि की जानी चाहिए, ओपीएस बहाल हो, रिटायर्ड कर्मचारियों की कार्मिक पेंशन वृद्धि 5, 10 और 15 प्रतिशत क्रमशः 65, 70 और 75 आयु वर्ग पर होनी चाहिए, कोम्यूटेशन की राशि 10 वर्ष तक ही काटी जानी चाहिए, कैशलेस मेडिकल सुविधा, बस, हवाई व रेल यात्रा में विशेष लाभ दिया जाना शामिल है। इस मौके पर जयपाल गुढ़ा, विष्णु जांगड़ा, राजेंद्र जुलाना, रमेश जाखड़, सुंदरलाल, राजेंद्र तुषामड़, प्रेम, सुमन, कमलेश, श्रीभगवान, दीपक, देवेंद्र सहरावत, बाबूराम, भूरा सिंह, महावीर निर्माण सहित अन्य भी मौजूद रहे। सभी कर्मचारियों द्वारा बाद में नायब तहसीलदार कीर्ति को अपना ज्ञापन भी सौंपा।

# नव विवाहिता ने फंदा लगाया

- मायके पक्ष ने ससुरालियों पर जड़े आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

सेक्टर-9 में एक नव विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटका हुआ मिला। मायके पक्ष के लोगों ने अपनी बेटी की मौत के लिए सुसरालियों को जिम्मेदार ठहराया है। आरोप है कि बेटी से गाड़ी तथा सोने की चेन मांगी जा रही थी। डिमांड पूरी न होने पर उसका जबरन गर्भपात कराया गया और फांसी पर लटका दी। बहरहाल, असल वजह तफ्तीश का विषय है। सिटी पुलिस ने आरोपों के आधार पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

मृतका की पहचान करीब 24 वर्षीय मंजू के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बलाली गांव की बेटी मंजू की गत दो मार्च 2024 को सेक्टर-9 के निवासी विक्रम के साथ शादी हुई थी। रविवार की देर रात को उसका शव कमरे में फंदे पर लटका हुआ पाया गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान मायके पक्ष के लोग भी आ गए। मौजूदा हालातों को देखते हुए उन्होंने हत्या की आशंका जताते हुए गंभीर आरोप लगाए। सोमवार को परिजनों के बयान के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए कार्रवाई शुरू कराई।

शिकायत में बलाली के निवासी मनोज ने कहा है कि अपनी बेटी मंजू की शादी में उन्होंने हैसियत अनुसार दान दहेज दिया था। शादी के तीन, चार माह बाद ही ससुरालियों ने दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

कहते कि बड़े बेटे की बहू क्रेटा गाड़ी लाई थी। यहां रहना है तो हमारी मांग पूरी करनी होगी। फिर मंजू हमारे पास आ गई और आपबीती सुनाई। कुछ दिन बाद बेटी को छोड़ने उसके ससुराल आए। दामाद व उसके माता, पिता आदि से बातचीत की। तब सभी ने कहा कि आगे से हम तंग नहीं करेंगे।

### मामले में तफ्तीश की जा रही

कुछ दिन बाद फिर से वही बर्ताव किय जाने लगा। उसके साथ मारपीट की जाने लगी। क्रेटा गाड़ी और सास, ससुर के लिए सोने की चेन की डिमांड की गई। ये भी धमकी दी कि अगर मांग पूरी नहीं की तो अपने बेटे की शादी कहीं और करा देंगे। फिर मैंने दामाद से कहा कि पैसे का इंतजाम कर हम ये मांग भी पूरी कर देंगे। हमारी बेटी गर्भ से थी। डॉक्टरों ने उसे रेस्ट के लिए बोला था लेकिन उसे खाने को नहीं दिया गया। हमने फिर से ससुराल में आकर कहा कि तुम्हारी जो भी मांग है, पूरी कर देंगे हमारी बेटी को तंग मत करो। लेकिन उन लोगों ने खाने में गोली मिलाकर दे दी, जिससे बेटी का गर्भपात हो गया। यह बात मंजू ने फोन पर अपने भाई को बताई थी। अब रविवार की रात को मंजू के ससुर ने बताया कि तुम्हारी बेटी ने फांसी लगा ली है। हम यहां आए तो वह पंखे से लटकी हुइ थी लेकिन उसके पांव बेड पर टिके हुए थे। हमें यकीन है कि दामाद, सास-ससुर व जेठानी आदि ने मिलकर उसे फांसी पर लटकाया है। मंजू का फोन हमें नहीं दिया गया। उस फोन को भी बरामद किया जाए। उधर, जांच अधिकारी प्रवीण कुमार का कहना है कि मामले में तफ्तीश की जा रही है।



अनाज मंडी में आढ़तियों के साथ खरीद प्रक्रिया का जायजा लेते हुए डीसी प्रदीप दहिया।

## डीसी प्रदीप दहिया ने अनाज मंडियों का किया दौरा

### खरीद प्रक्रिया की तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

सोमवार को डीसी प्रदीप दहिया ने झज्जर, ढाकला और मातनहेल अनाज मंडियों का दौरा करते हुए गेहूं खरीद प्रक्रिया की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने खरीद एजेंसियों व संबंधित अधिकारियों को खरीद कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए और यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ स्थानीय मार्केट कमेटी कार्यालय में फसलों की अनुमानित आवक व तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हैफेड, हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन और अन्य खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे सरसों व गेहूं के खरीद कार्य को लेकर अपनी सभी तैयारियां पूरी करें। डीसी ने खासतौर पर भंडारण की बेहतर योजना बनाने पर जोर दिया। इस दौरान अनाज मंडी एसोसिएशन झज्जर व मातनहेल द्वारा मांग पत्रों को डीसी के समक्ष रखा गया, जिन पर उन्होंने संज्ञान लेते हुए नियमानुसार पूरा करने का आश्वासन दिया।

## बोर्ड वाइस चेयरमैन ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण, एक परीक्षार्थी का बनाया केस

- परीक्षार्थियों को उचित दूरी पर बैठने के बारे में कहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

सोमवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के वाइस चेयरमैन सतीश कुमार ने जिले के आधा दर्जन के करीब परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान नकल करते पकड़े गए एक परीक्षार्थी का केस भी बनाया। उन्होंने सबसे पहले सिलाना परीक्षा केंद्र पर गहन जांच करते हुए बंद पड़े स्क्रीन को चालू करने के लिए कहा। शहर के वैदिक कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पर्यवेक्षकों को निर्देश दिए कि रोल नंबर स्लीप पर बच्चों के हस्ताक्षर करवाए जाएं।

कई पर्यवेक्षक खुद हस्ताक्षर नहीं करते और वह इसे सामान्य समझ कर नकार देते हैं, लेकिन ऐसा करना उचित नहीं है। उन्होंने चेतावनी के साथ-साथ समझाया कि बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने से ही असली और नकली परीक्षार्थी की पहचान संभव है। संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की जांच से यह भी दिखाई देने लगा कि नकल रहित अभियान का असर स्पष्ट दिखाई दे रहा है। तत्पश्चात एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में डीएलएड में नकल के लिए प्रयुक्त कागज बरामद कर परीक्षार्थी पर नकल केस बनाया। वहीं दूबलधन परीक्षा केंद्र की जांच कर बाहर पड़े कागज के टुकड़े उठाने के निर्देश दिए व परीक्षार्थियों को उचित दूरी पर बैठने बारे कहा।



**झज्जर।** परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के वाइस चेयरमैन सतीश कुमार। फोटो :हरिभूमि



**बहादुरगढ़।** आयुष्मान खुराना के साथ दीपक छिल्लर व किरण छिल्लर आदि।

## फिटनेस कार्निवल में पहुंचे दीपक और किरण

**बहादुरगढ़।** दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में तीन दिवसीय फिट इंडिया कार्निवल का शुभारंभ हुआ। केंद्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने उद्घाटन किया। कार्निवल में फिटनेस और वेलनेस को बढ़ावा देने के लिए कई रोमांचक गतिविधियां की गई। कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना, पहलवान संग्राम सिंह, वेलनेस गुरु मिकी मेहता, पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई रेसलर शैंकी सिंह और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर रोहताश चौधरी जैसी हस्तियां शामिल हुईं। कपल फिट इंडिया एंबेसडर दीपक छिल्लर और फिट इंडिया एंबेसडर डॉ. किरण छिल्लर को भी इसमें विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के संस्थापक दीपक छिल्लर ने 'संडे ऑन साइकिल' की राष्ट्रीय मूवमेंट में बीआरजी की हिस्सेदारी के बारे में जानकारी दी। आमजन से फिटनेस को प्राथमिकता देने का आह्वान किया गया।

## बेघरों को मिलेंगे 30 वर्ग गज के प्लॉट, आवेदन 15 अप्रैल तक

**झज्जर।** केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत बेघरों को घर मुहैया कराने के उद्देश्य से एक लाख रुपये की कीमत पर 30 वर्ग गज के प्लॉट दिए जा एं गे। इसके लिए योग्य व्यक्ति दस हजार रुपये न्यूनतम बुकिंग राशि जमा कराकर प्लॉट बुक कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए झज्जर नगर परिषद के पीएम आवास योजना शहरी के इंचार्ज अरूण सागू ने बताया कि बुकिंग की अंतिम तिथि 15 अप्रैल है। यह प्लॉट उन परिवारों को मिलेगा जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय एक लाख अस्सी हजार रुपये तक है। इसमें घुमंतू जाति के परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सौलह शहरों में 15,696 प्लॉट दिए जाने का प्रावधान है। यह योजना झज्जर, बहादुरगढ़, चरखी-दादरी, सिरसा, फतेहाबाद, सफीदों, रोहतक, महेंद्रगढ़, पलवल, हिसार, जगाधरी, अंबाला, रेवाड़ी, करनाल, जुलाना, जींद में शुरू की गई है। इस योजना से लोगों न केवल पक्का घर मिलेगा बल्कि गांवों व शहरों में रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।



अरूण सागू, इंचार्ज, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, नगर परिषद,

### स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रीति ने पाया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

क्षेत्र के गांव दूबलधन स्थित स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के काफी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रीति ने पहला, निकिता ने दूसरा और रीतिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लाइब्रेरी कमेटी सदस्य सोनू कादियान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं लाइब्रेरी में समय-समय पर करवाई जाएगी ताकि गांव के विद्यार्थियों का शैक्षणिक विकास हो सके। इस अवसर पर सोमबीर सोलंकी, मास्टर दयानंद, मास्टर जयपाल, मांगेराम, रणवीर सिंह, जयभगवान, राजवीर शास्त्री, संदीप कुमार, सुनील कुमार, सुमित, नवीन सहित काफी संख्या में मौजिज व्यक्ति मौजूद रहे।




**झज्जर।** विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

### इंटर पॉलीटेक्निक एथलेटिक मीट आज से

**झज्जर।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में बुधवार से तीन दिवसीय राज्य स्तरीय इंटर पॉलीटेक्निक एथलेटिक मीट का आयोजन किया जाएगा। खेल प्रभारी सतेंद्र वशिष्ठ ने बताया कि संस्थान प्राचार्य दिगपाल सिंह की अध्यक्षता में होने वाली इस एथलेटिक मीट में 32 संस्थानों के पुरुष व महिला वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। खेल के इस महाकुंभ के सफल व निष्पक्ष आयोजन के लिए 11 प्रशिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।

## डीसी ने टैब में दर्ज डेटा का खेतों में खड़ी फसल से किया मिलान



**झज्जर।** गिरदावरी कार्य का निरीक्षण करते हुए डीसी प्रदीप दहिया।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

सोमवार को डीसी प्रदीप दहिया ने जिले में गेहूं व सरसों फसलों की गिरदावरी का निरीक्षण किया और सजरा से फसलों का मिलान भी किया। डीसी ने राजस्व विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि फसलों की गिरदावरी में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने पटवारी द्वारा की गई गिरदावरी की जांच मौके पर जाकर की है और मिलान किया कि पटवारी ने जो रिपोर्ट टैब में फीड की है वह सही है या नहीं।

### सूचना

मैं, श्रीमती रेखा देवी पत्नी श्री राम कुमार निवासी देवी कॉलोनी, गली नम्बर 02, मकान नम्बर 772/21, बहादुरगढ़ जिला झज्जर हरियाणा-124507 बयान करती हूं कि मेरा पुत्र साहिल काजला व पुत्रवधु दीक्षा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप


कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं।

### स्पेशल एजुकेशन पर किया मार्गदर्शन

**बहादुरगढ़।** छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन करवाया गया। प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज डॉ अश्वनी कुमार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आशा किरण स्पेशल एजुकेशन संस्था के नवीन देशवाल ने एक्सटेंशन लेक्चर दिया। उन्होंने दिव्यांगों की मदद व शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्पेशल एजुकेशन में बीएड व डीएड में एडमिन और नौकरी पाने के बारे में भी बताया। इस अवसर पर देवेंद्र, मोहित, ललिता, मोनिका, मंजू मलिक, ज्योति, डॉ जयंत, विजय आदि मौजूद रहे।

### आईटीआई में प्रयोगिक परीक्षा व साक्षात्कार कल

**बहादुरगढ़।** राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कोपा व्यवसाय प्रशिक्षु के रिक्त पद भरने के लिए आगामी 19 मार्च को प्रयोगिक परीक्षा होगी। साथ ही साक्षात्कार भी लिया जाएगा। दरअसल, आईटीआई में कोपा प्रशिक्षु के दो पद रिक्त थे। इन पदों को भरने के लिए संस्थान की ओर से आवेदन मांगे गए थे। अब उनकी प्रयोगिक परीक्षा व साक्षात्कार होगा। इस बारे में जानकारी देते हुए प्रिंसिपल ने बताया कि छात्राओं के पास बेनीफिशरी आईडी होनी जरूरी है। इसके अलावा दसवीं पास हों और तमाम शर्तें पूरी करती हों। शर्तें पूर्ण करने वाली जो छात्राएं ऑनलाइन आवेदन नहीं कर पाई, वे भी 19 मार्च को परीक्षा में शामिल हो सकती हैं।

### नियमित टीकाकरण के लिए प्रेरित किया

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के विकास नगर स्थित अर्बन पीएचसी में स्पेशल प्रतिरक्षण सप्ताह का उद्घाटन हुआ। आंगनवाड़ी वर्कर कुसुमलता, पार्षद पति कर्मवीर शर्मा व सत्येंद्र दहिया ने उद्घाटन करते हुए आमजन से स्वास्थ्य विभाग के अभियानों से जुड़ने का आह्वान किया। नोडल अधिकारी डॉ बसंत दुबे ने बताया कि शिशुओं के रोगमुक्त व स्वस्थ जीवन के लिए नियमित टीकाकरण जरूरी है। इससे रोगों से बचाव होगा।

### कर्मचारी बोले- चार माह से वेतन न मिलने से भूखे रहने की नौबत

# वेतन न मिलने से नाराज सफाई कर्मचारियों ने फिर शुरू की हड़ताल


**बहादुरगढ़।** नगर परिषद के गेट पर धरनारत सफाई कर्मचारी। *फोटो: हरिभूमि*

### अधिकारियों व ठेकेदारों पर गुमराह करने का आरोप जड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

वेतन न मिलने से आहत अनुबंधित सफाई कर्मचारियों ने एक बार फिर से हड़ताल शुरू कर दी है। सोमवार को कर्मचारियों ने नगर परिषद के गेट पर धरना देकर अधिकारियों व ठेकेदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही पूरा वेतन न मिलने तक हड़ताल जारी रखने का एलान कर दिया। दरअसल, नगर परिषद में ठेके के अधीन कार्यरत इन कर्मचारियों के साथ काफी समय से यह परेशानी बनी हुई है। ये समय पर वेतन देने की मांग उठा रहे हैं। इस मांग को लेकर पहले भी कई बार हड़ताल कर चुके हैं। बीते फरवरी माह में भी छह दिन हड़ताल पर रहे। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ये काम पर लौटे लेकिन वेतन नहीं मिला तो अब फिर से हड़ताल शुरू कर दी है। कर्मचारी उषा ने कहा कि चार महीने से वेतन नहीं मिला है। मकान का किराया, दूध-राशन का बिल और बच्चों की स्कूल फीस नहीं दे पा रहे। नप के अधिकारी केवल आश्वासन दे रहे हैं लेकिन पूरा वेतन नहीं दिलवा पा रहे। सुरेश ने कहा कि अधिकारियों ने कहा था कि 12 तारीख तक होली से पहले सेलरी भेज देंगे लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। होली भी चली गई लेकिन हमें हमारा मेहनताना नहीं दिया जा रहा। अनिल ने बताया कि चौथा महीना लग गया है लेकिन हमसे बिना वेतन के काम कराया जा रहा है। चार बार हड़ताल कर चुके हैं। हर बार अधिकारियों ने आश्वासन देकर हड़ताल खुलवाई लेकिन कुछ नहीं हुआ। इस बार हमारी होली भी काली मनी है। हमारे बच्चे रंग पिचकारी नहीं खरीद पाए। अधिकारी व ठेकेदार सब मिलकर हमें गुमराह कर रहे हैं। उषा, मोनू, अर्चना, महिपाल, सागर, रवि सहित काफी कर्मचारी धरने पर मौजूद रहे।


**बहादुरगढ़।** जेई दलबीर के साथ निरीक्षण करने पहुंचे जसबीर। *फोटो: हरिभूमि*

## कॉलोनियों की सीवर लाइन मुख्य लाइन से जुड़ेंगी

- जनस्वास्थ्य विभाग के जेई ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

नजफगढ़ रोड पर अम्रुत योजना के तहत डाली गई सीवर पाइप लाइन से कई कॉलोनियों की लाइन जोड़ी जाएगी। सोमवार को भाजपा नेता जसबीर सैनी ने जनस्वास्थ्य विभाग के जेई दलबीर देशवाल के साथ मौके का निरीक्षण किया। सैनी ने कहा कि नजफगढ़ रोड से लगते धर्मपुरा, हरिनगर, शास्त्री नगर, जटवाड़ा मोहल्ला आदि की सीवर लाइन इस मुख्य लाइन से जोड़ी जाएंगी। इससे इन कॉलोनियों की गलियों में यह समस्या उत्पन्न नहीं होगी। उन्होंने जेई से आग्रह किया कि लाइन जोड़ते वक्त लोगों के आने जाने की सहूलियत का भी ख्याल रखा जाए। जल्द से जल्द काम पूरा किया जाए ताकि लोगों को परेशानी न हो।


**बहादुरगढ़।** ट्रायल में भाग लेती खिलाड़ी। *फोटो: हरिभूमि*

## जिले की टीम में 22 महिला खिलाड़ी चयनित

- झज्जर फुटबॉल एसोसिएशन ने लिया ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

झज्जर फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से बादली के फुटबॉल मैदान में ट्रायल का आयोजन किया गाय। ट्रायल में भाग लेकर महिला फुटबॉल खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाली 22 खिलाड़ियों का चयन जिले की टीम के लिए कर लिया गया है।

दरअसल, हरियाणा फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से आगामी 21 से 24 मार्च तक मेहंदीपुर डाबोदा कलां में सीनियर नेशनल महिला फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा।

इस चैंपियनशिप में झज्जर जिले की टीम के चयन के लिए बादली में ट्रायल हुआ। झज्जर, बहादुरगढ़, बादली, जसोरखेड़ी, जहांगीरपुर, माछरौली, नूना माजरा, लोवा खुर्द सहित जिलेभर की करीब 50 खिलाड़ियों ने इसमें भाग लिया। ट्रायल में बेहतर प्रदर्शन करने वाली 22 खिलाड़ी टीम के लिए चुन ली गई। यह टीम नेशनल चैंपियनशिप में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। ट्रायल के दौरान कोच व नेशनल प्लेयर रितु गुलिया, कोच मुनेश, प्रदीप दलाल, मुकेश दलाल, पदम दलाल, अशोक खेड़ीजट, विक्की गुलिया, रामभगत ठेकेदार, अशोक गुलिया सचिव आदि मौजूद रहे।

## प्रदीप का शव परिजनों को सौंपा

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

सोमवार की देर शाम बेरी कलानौर मार्ग पर बाबरा गांव मोड के नजदीक कार में मिले प्रदीप के शव का सोमवार को पोस्टमार्टम कराया गया। मामले के जांच अधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि फिलहाल मृतक के भाई सुमित के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। इस संबंध में चिकित्सकीय बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा होगा। उन्होंने बताया कि रविवार सांय करीब सात बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि बेरी-कलानौर रोड पर मंदिर के पास कार में एक व्यक्ति मृत अवस्था में लेटा हुआ है। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान प्रदीप पुत्र पालेराम निवासी जींद के तौर पर हुई। इसके बाद पुलिस द्वारा परिजनों को सूचित किया गया। बता दें कि मृतक प्रदीप पिछले करीब दस वर्षों से गुरुग्राम की एक निजी कंपनी में कार्यरत था तथा शहर के मॉडल टाउन में अपने परिवार के साथ किराए पर रहता था।


**झज्जर।** नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी। *फोटो: हरिभूमि*

## जीडी गोयनका में जूनियर छात्रों को बांटी डिग्री

- स्कूल के कार्यक्रम में अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर की एचएल सिटी में स्थित जीडी गोयनका विद्यालय में सोमवार को प्रेप क्लास के नन्हे विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों, शिक्षकों और छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समारोह की शुरुआत अभिभावकों के गर्मजोशी भरे स्वागत से हुई। इसके पश्चात स्कूल प्रधानाचार्य द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय निर्देशिका शैलजा जून ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।


**बहादुरगढ़।** कार्यक्रम में मिली डिग्री के साथ नन्हे विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

प्रधानाचार्या ने सभी अतिथियों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

नन्हे छात्रों ने एक मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में /"लुप्तप्राय जीवों/" पर आधारित एक शिक्षाप्रद नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसने पर्यावरण और वन्य जीवों की सुरक्षा का संदेश दिया। इसके उपरांत, बच्चों ने वन्य जीवन की रक्षा का संकल्प लिया और सभी को जागरूक करने का वचन दिया। दीक्षांत समारोह में नन्हे स्नातकों को प्रमाण पत्र और उपाधि देकर सम्मानित किया गया। बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अभिभावकों ने बच्चों की इस उपलब्धि पर गर्व महसूस किया। राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

### ओडिशा से लौटी अन्नू शर्मा को दी बधाई



**बहादुरगढ़।** ओडिशा के ब्रह्मपुर महाविद्यालय में 3 मार्च से 9 मार्च तक राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन हुआ। इसमें एमडीयू की तरफ से वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ की प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. अन्नू शर्मा का चयन हरियाणा टीम लीडर के रूप में हुआ। शिविर में 36 विश्वविद्यालयों से प्रोगाम ऑफिसरों ने टीम के साथ भाग लिया। कैंप में विभिन्न प्रकार की क्रियाओं का आयोजन किया गया। डॉ अन्नू शर्मा को टेक्निकल सेशन में चेयरपर्सन बनने का अवसर मिला।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

## बादली कॉलेज में सप्तरंग कार्यक्रम शुरू

- मेहंदी प्रतियोगिता में प्रिया प्रथम, रचना व चांदनी द्वितीय और अंशिका तृतीय स्थान पर रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

बादली के चौ. धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय सप्तरंग कार्यक्रम का सोमवार को शुभारंभ हुआ। निशा मलिक द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य आनंद काद्याण ने की। पहले दिन कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रिया प्रथम, रचना व चांदनी द्वितीय और अंशिका तृतीय स्थान पर रही। बेस्ट आउट आफ वेस्ट में भारती प्रथम व तमन्ना द्वितीय स्थान पर रही। क्ले मोडलिंग में तमन्ना प्रथम व कोमल द्वितीय स्थान पर रही।


**बहादुरगढ़।** प्रतिभागियों द्वारा बनाई रंगोली देखते कॉलेज का स्टॉफ।

रंगोली में भारती की टीम प्रथम, पिंकी व प्रियंका की टीम द्वितीय और हेमलता व सविता की टीम तृतीय स्थान पर रही। कोलाज मेकिंग में कोमल प्रथम व तमन्ना द्वितीय स्थान पर रही। पोस्टर मेकिंग में तमन्ना प्रथम, दक्ष द्वितीय, कोमल व सार्थक तृतीय रहा। स्लोगन लेखन में तमन्ना प्रथम, दिप्ती व ज्योति द्वितीय स्थान पर रही। कोमल व चांदनी तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक मंडल में डॉ. मंजू रानी, शर्मिला, पूनम शर्मा, डॉ. नवीन कुमारी, डॉ. यशपाल व सुभाषचंद्र शामिल रहे। डॉ. विजय सिंह, डॉ. रवींद्र, डॉ. रमेश, डॉ. अंजू सिवाच, डॉ. पूनम रानी, डॉ. समता व डॉ. सरिता आदि उपस्थित रहे।



**बहादुरगढ़।** सोनाली बेंद्रे से अवार्ड प्राप्त करते बीके सुरेंद्र गोयल।

### गोयल ने प्राप्त किया लीडरशिप अवार्ड

**बहादुरगढ़।** ब्रह्माकुमारीज के राजयोगा एज्युकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के बिजनेस एंड इंडस्ट्रीज विंग को एशिया लीडरशिप अवार्ड मिला है। विंग की वाइस चेयरपर्सन राजयोगिनी बीके योगिनी दीदी के मार्गदर्शन में की गई सेवाओं के लिए यह सम्मान मिला है। फिल्म अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने बिजनेस एंड इंडस्ट्रीज विंग के दिल्ली जोनल कॉर्डिनेटर बीके डॉ सुरेंद्र गोयल को यह सम्मान प्रदान किया।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### 100 दिवसीय निक्षय शिविर कार्यक्रम की सफलता

# उपलब्धि : जिले की 65 पंचायतें टीबी मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में चलाए जा रहे 100 दिवसीय निक्षय शिविर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभागीय टीम पूरी मेहनत से कार्य कर रही हैं। सीएमओ डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह ने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने में ग्राम पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त झज्जर अभियान में अभी तक कुल 65 पंचायतों को राज्य मुख्यालय की टीम द्वारा टीबी मुक्त घोषित किया गया है। कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉक्टर कुणाल कादियान ने बताया कि अभियान को गति देने के लिए राज्य मुख्यालय से आई हुई टीम ने बीते तीन मार्च को जिले की ग्राम पंचायत सूची को वेरीफाई किया था। अभियान के दौरान जिले में कुल 1986 टीबी के नए मरीज पाए गए, 2660 टीबी मरीजों को इलाज की सुविधा दी गई।


**झज्जर।** निक्षय शिविर में लोगों की टीबी संबंधी जांच करते हुए टीम सदस्य।

#### टीबी मुक्त 49 ग्राम पंचायतों को मिला ब्रांज मेडल

विभाग द्वारा ग्राम पंचायत लुक्सर, दरियापुर, ढाणी दादरी तोए, कलोई, बोड़िया, खेड़ी जट्ट, मुनीमपुर, शाहपुर, पाहसौर, उखलचना, रामपुरा, ढाणी इस्लामगढ़, गिरावड, सुर्खपुर, तामसपुरा, धौड़, जौंधी, मलिकपुर, अच्छेज, छुड़ानी, दुल्हेड़ा, रिवाड़ी खेड़ा, खेड़ी आसरा, भढाना, मुकुंदपुर, छोछी, गांगटान, लड़रावण, डाबौढा कलां, डाबौढा खुर्द, देशलपुर, पटासनी, खाजपुर, बिठला, बिलोचपुरा, शाहजहांपुर, बिरड़, खेडी ताल्लुका, कोका, दादनपुर, अहरी, गिजाडौध, रणखंडा, ऊंटलौधा, खानपुर खुर्द, अंबोली, बाबेपुर, सुरेहती, न्यौला को ब्रांज मेडल के लिए टीबी मुक्त घोषित किया गया है।

#### टीबी मुक्त 16 ग्राम पंचायतों को मिला सिल्वर मेडल

सीएमओ डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह ने बताया कि इसी सूची में साल 2023 के दौरान कुल 26 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित की गई थीं। जिनमें से साल 2024 में 16 पंचायत को सिल्वर मेडल के लिए चिन्हित किया गया है।

### विस अध्यक्ष कल्याण ने किया पद्मश्री संतराम देशवाला का अभिनंदन



**बहादुरगढ़।** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने बजट सत्र के दौरान गांव खेड़का गुर्ज्जर के निवासी डॉ. संतराम देशवाल का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि डॉ. देशवाल हरियाणा को हिंदी साहित्य के साथ साथ लोकसाहित्य के सृजन, लोक संस्कृति व हरियाणवी बोली के संरक्षण, संवर्धन, शिक्षा तथा समाज सेवा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने पर पद्मश्री पुरस्कार से नवाजा जा रहा है। पूरे हरियाणा प्रदेश के लिए यह गौरव की बात है।